प्रेषक,

संख्या-170 /2025 /2439/26-3-2025-1831327

राजेन्द्र सिंह
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण विभाग,
उ0प्र0,लखनऊ

समाज कल्याण अनुभाग-3

लखनऊः दिनांकः 06 नवम्बर 2025

विषयः समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य कराये जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2223/स0क0/विकास/छात्रावास/11/2025-26, दिनांक 29.08.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, हुसैनाबाद, जौनपुर, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, पीलीकोठी, जौनपुर, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, डोभी, जौनपुर, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (पुरूष), बिसवॉ, सीतापुर एवं राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, महोली, सीतापुर में विभिन्न मरम्मत व अनुरक्षण के कार्यो को कराये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराते हुये प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में आप द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक-2225 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछडे वर्गों का कल्याण-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-09-राजकीय छात्रावासों/राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का अनुरक्षण-29-अनुरक्षण मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अधोलिखित तालिका में उल्लिखित विवरण के अनुसार कार्य कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था, यू0पी0सिडको को नामित करते हुये आगणित धनराशि रू0-294.82 लाख (रू0 दो करोड़ चौरानबे लाख बयासी हजार मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति एवं आगणित धनराशि की 05 प्रतिशत धनराशि रू0 14.72 लाख (रू0 चौदह लाख बहत्तर हजार मात्र) रोकते हुये धनराशि रू0 280.10 लाख (रू0 दो करोड़ अस्सी लाख दस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र सं	जनपद का नाम	छात्रावास का नाम व स्थान	कार्य का नाम	यू0पी0 सिडको द्वारा परीक्षणोपरान्त गठित आगणित लागत	स्वीकृत धनराशि	अवशेष 5 प्रतिशत धनराशि
1	जौनपुर	राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, हुसैनाबाद, जौनपुर	छात्रावास भवन में मरम्मत/सुदृढ़ीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य, फर्श, शौचालय, स्नानागार के मरम्मत का कार्य एवं टाईल्स लगाने का कार्य, फर्श दीवार पर टाईल्स, सीलिंग सेनेट्री, वर्क, खिड़की दरवाजे को बदलने एवं रंगाई पुताई आवश्यक जलापूर्ति का कार्य, विद्युतीकरण का	34.41	32.69	1.72

			कार्य बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत, सैप्टिक टैंक की सफाई व मरम्मत का कार्य।			
2	जौनपुर	राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, पीलीकोठी, जौनपुर।	छात्रावास भवन में मरम्मत/ सुदृढ़ीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य, फर्श, शौचालय, स्नानागार के मरम्मत का कार्य एवं टाईल्स लगाने का कार्य, फर्श, दीवार पर टाईल्स, सीलिंग सेनेट्री वर्क, खिड़की दरवाजों को बदलने एवं रंगाई-पुताई आवश्यक जलापूर्ति का कार्य, विद्युतीकरण का कार्य, बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत, सैप्टिक टैंक की सफाई व मरम्मत का कार्य।	48.37	45.95	2.42
3	जौनपुर	राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, डोभी, जौनपुर।	छात्रावास भवन में मरम्मत/ सुदृढ़ीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य, फर्श, शौचालय, स्नानागार के मरम्मत का कार्य एवं टाईल्स लगाने का कार्य, फर्श, दीवार पर टाईल्स, सीलिंग, सेनेट्री वर्क, खिड़की दरवाजों को बदलने एवं रंगाई-पुताई आवश्यक जलापूर्ति का कार्य, विद्युतीकरण का कार्य, बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत, सैप्टिक टैंक की सफाई व मरम्मत का कार्य।	18.53	17.61	0.92
4	सीतापुर	राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (पुरूष), बिसवॉ, सीतापुर।	छात्रावास भवन में मरम्मत/सुदृढ़ीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य समस्त खिडकियों व वेन्टीलेटर की आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य, जलापूर्ति हेतु दो नग इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प लगाने का कार्य एवं मय नाली, चबूतरा सहित, बाण्ड्रीवाल की मरम्मत एवं रंगाई पुताई, बाउण्ड्रीवाल के ऊपर लोहे की ग्रिल लगाने का कार्य मय पेन्टिंग सहित, परिसर में पेवर ब्लाक (इण्टरलाकिंग) लगाने का कार्य, छात्रावास में पुराने गेट के स्थान पर नये गेट लगाने का कार्य, शौचालयों की मरम्मत एवं टूटी हुयी सीट, फिटिंग-वाश बेशिन, टोटिया, सिस्टर्न, पाइप लाइन डालने का कार्य, शौचालय में टाइल्स लगाने का कार्य, छात्रावास की छत पर कोवा ट्रीटमेन्ट का कार्य एवं पानी निकासी का कार्य, छात्रावास के सोकपिट/सेप्टिक टैंक की मरम्मत एवं सफाई का कार्य छात्रावास में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य, टूटे हुए फ्लस डोर शटर को बदलने का कार्य मय डोर फिटिंग मय पेन्टिग सहित 02 नग मेन होल चैम्बर का निर्माण कार्य एवं एक हजार लीटर पी0वी0सी0 टैंक 02 नग लगाने का कार्य मय फिटिंग सहित।	76.17	72.37	3.80

5	सीतापुर	राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, महोली, सीतापुर	छात्रावास भवन में मरम्मत/सुदृढ़ी करण एवं रंगाई-पुताई का कार्य, समस्त खिड़कियों व वेन्टीलेटर की आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य, जलापूर्ति हेतु दो नग इण्डिया मार्का हेण्ड पम्प लगाने का कार्य एवं मय नाली, चबूतरा सहित, बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत एवं रंगाई पुताई, बाउण्ड्रीवाल के ऊपर लोहे की ग्रिल लगाने का कार्य मय पेन्टिंग सहित, परिसर में पेवर ब्लाक (इण्टरलाकिंग) लगाने का कार्य छात्रावास में पुराने गेट के स्थान पर नये गेट लगाने का कार्य, शौचालय की मरम्मत एवं टूटी हुयी सीट, फिटिंग-वाश बेशिन, टोटिया सिस्टर्न, पाइप लाइन डालने का कार्य, शौचालय में टाइल्स लगाने का कार्य, छात्रावास की छत पर कोवा ट्रीटमेन्ट का कार्य एवं पानी निकासी का कार्य, छात्रावास के सोकपिट/सेप्टिक टैंक की मरम्मत एवं सफाई का कार्य छात्रावास में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य, टूटे हुए फ्लस डोर शटर को बदलने का कार्य मय डोर फिटिंग मय पेन्टिंग सहित 02 नग मेन होल चैम्बर का निर्माण कार्य एवं एक हजार लीटर पी0वी0सी0 टैंक 02 नग लगाने का कार्य मय फिटिंग सहित।	117.34	111.48	5.86
			कुल धनराशि	294.82	280.10	14.72

(1) निदेशक, समाज कल्याण द्वारा कार्यदायी संस्था यू0पी0स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (यू0पी0सिडको) के प्रबन्ध निदेशक से शीघ्र एम0ओ0यू0 अनुबन्ध कराकर धनराशि आहरित कर कार्यदायी संस्था को दी जायेगी, जिसका अधिष्ठान व्यय वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार लिया जायेगा। कार्यदायी संस्था को धनराशि प्राप्त होने के तुरन्त बाद शीघ्र निर्माण/मरम्मत कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। प्रायोजना के निर्माण में बिना समुचित कारण के यदि अनावश्यक रूप से विलम्ब होने से लागत में वृद्धि होती है, तो इसके लिये निर्माण एजेन्सी उत्तरदायी होगी।

(2) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक-27.03.2025 में निहित शर्तो एवं प्राविधानों के अन्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि जिस कार्य/मद हेतु प्रदान की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य मद हेतु किया जायेगा अर्थात स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा। उक्त कार्यो को अनुमोदित लागत की सीमान्तर्गत ही कराया जायेगा तथा कार्यदायी संस्था को अनुमोदित लागत के अतिरक्त कोई अन्य धनराशि/चार्जेज नहीं दिया जायेगा। कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायेंगे।

(3) प्रायोजना के कार्य में वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) की धनराशि कार्यदायी संस्था को वास्तविक भुगतान के अनुसार नियमानुसार अनुमन्य होगी तथा इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा जी0एस0टी0 भुगतान

के सम्बन्ध में तिथिवार विवरण एवं प्रामाणिक प्रपत्र जी0एस0टी0 इन्वायस सक्षम स्तर से निदेशक, समाज कल्याण विभाग के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त लेबरसेस के रूप में प्रदान की गयी धनराशि श्रम विभाग को भुगतान किये जाने का प्रमाण पत्र कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ उपलब्ध कराया जायेगा ।

(4) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो तथा समय-समय पर कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का पर्यवेक्षण (मानीटरिंग) निदेशक, समाज कल्याण विभाग द्वारा सुनिश्चित कराया जाय। स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर आहरण के बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा वित्त विभाग के सुसंगत नियमों के अनुसार किया जायेगा। वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-27.03.2025 में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि के सापेक्ष आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा दो-दो माह की आवश्यकता के लिए आवश्यक धनराशि कोषागारसे आहरण कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी गयी जायेगी तथा कार्यदायी संस्था द्वारा प्राप्त धनराशि का 75 प्रतिशत उपयोग करने के उपरान्त अगले 06 माह के लिए पुनः अवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित कर दी जायेगी। इसका अनुपालन निदेशक, समाज कल्याण विभाग द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा।

(6) प्रश्नगत परियोजना में होने वाले कार्य के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य आगणन के अनुरूप उसके तकनीकी अनुमोदन के अनुसार किया किया गया है तथा परियोजना को कार्यदायी संस्था से हस्तगत कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करा लिया जायेगा एवं निर्मित परिसम्पत्ति का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जायेगा एवं इसकी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट ई-परियोजनाओं की समीक्षा के पोर्टल पर अंकित कराते हुए शासन को अवगत कराया जायेगा।

(7) कार्य की विशिष्टियाँ, मानक एवं गुणवत्ता आदि की पूर्ण जिम्मेदारी निदेशक, समाज कल्याण एवं कार्यदायी संस्था की होगी तथा उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाय। इसके लिए परियोजना में टाइम ओवर-रन/कास्ट ओवर-रन को नियन्त्रित करने के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-07/2017/बी-1-823/दस-2017-एम-04/2017, दिनांक 21 जून, 2017 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय तथा प्रायोजना का पाई चार्ट कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को शीघ्र उपलब्ध कराया जाय। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(8) परियोजना में कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी। स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम स्तर से शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। सोशल आडिट से सम्बन्धित व्यवस्था/नियमों का भी पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। परियोजना में कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी।

(9) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय-भार न पड़े। कार्यदायी संस्था से कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्प्रेक्षित लेखे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(10) अवमुक्त की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को बैंक खाते आदि में नही रखा जायेगा। कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर यदि ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे अनिवार्य रूप से राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय। यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि आगणन में बाट आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्यों पर सेन्टेज का भुगतान अनुमन्य न किया जाय। इसका अनुपालन निदेशालय, समाज कल्याण विभाग एवं कार्यदायी संस्था द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप निर्गत किया जाएगा। प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु विभागीय अप्रेजल कमेटी द्वारा संस्तुत मूल्यांकित धनराशि एवं शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(11) प्रायोजना की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति कार्यदायी संस्था/निदेशक समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रेषित मांग एवं अभिलेखों के आधार पर अवमुक्त की जा रही है। अतः यदि परियोजना के मानक एवं अन्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में कोई सूचना भविष्य में गलत पायी जाती है तो इसका पूर्ण उत्तदायित्व कार्यदायी संस्था/निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ का होगा। प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वास्तविक रूप से व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य की गुणवत्ता एवं फोटोग्राफ्स आदि सक्षम स्तर से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(12) निदेशक, समाज कल्याण विभाग द्वारा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था से सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त किये जायेंगे तथा ई-टेण्डर लागत, गुणवत्ता प्रमाण पत्र, संविदा से सम्बन्धित मूल (एम0ओ0यू0),तकनीकी स्वीकृति आदि अभिलेख कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

13-निदेशक, समाज कल्याण द्वारा प्रश्नगत अनुरक्षण कार्य हेतु अवमुक्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, गुणवत्ता प्रमाण पत्र, भौतिक प्रगति आख्या व अनुरक्षण कार्य का फोटोग्राफ कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर उपलब्ध कराए जाने के पश्चात अवशेष 5 प्रतिशत धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जायेगी।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रू0 2,80,10,000 (रू0 दो करोड़ अस्सी लाख दस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-083 के लेखाशीर्षक-2225017890900 राजकीय छात्रावासों/राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का अनुरक्षण-29-अनुरक्षण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक-27.03.2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

Digitally signed by
RAJENDRA SINGH
Date: 04-11-2025
17:08:38

राजेन्द्र सिंह
विशेष सचिव।

पृ0सं0-170/2025/2439 (1)/26-3-2025 तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- जिलाधिकारी, जनपद, जौनपुर, सीतापुर।
6- जिला समाज कल्याण अधिकारी जनपद- जौनपुर, सीतापुर।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 उ0प्र0शासन।
8- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
9- प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0सिडको, लखनऊ।
10- निदेशक, एन0आई0सी0।
11- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र सिंह)
विशेष सचिव।